हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 11 जनवरी 2026, समय 13:05(5 मिनट)

केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कल नई दिल्ली में सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व बैठक की।बैठक में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने बैठक में हरियाणा से जुड़ी कृषि, ग्रामीण विकास, चिकित्सा, उद्योग आदि क्षेत्र में केंद्रीय बजट आवंटन से संबंधित एवं अन्य महत्वपूर्ण मांगों को रखा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट से हरियाणा की प्रगति का मार्ग और प्रशस्त होगा। हरियाणा 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना पूरा योगदान देगा।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश को निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने के लिए हरियाणा सरकार भरपूर प्रयास कर रही है। लेकिन परिणाम तक पहुंचने के लिए केंद्रीय सहायता की जरूरत है। चिकित्सा शिक्षा को व्यापक बनाने के लिए हरियाणा हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने जा रहा है। इसके लिए भी केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत मदद की बड़ी जरूरत है। उन्होंने हरियाणा में सेम से प्रभावित 6 लाख एकड़ जमीन को और ज्यादा नुकसान से बचाने के लिए भी केंद्र सरकार से वित्तीय सहायता की मांग की। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 44 लाख से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है इसलिए हरियाणा की इस मद में भी आर्थिक सहायता बढ़ाई जाए। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास के कोष को बढ़ाने की मांग भी रखी।

****

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल भारतीय डाक की दो नई सेवाओं- 'स्पीड पोस्ट 24' और 'स्पीड पोस्ट 48' की घोषणा की। ये सेवाएं 24 और 48 घंटे में डाक और दस्तावेजों को सुरक्षित पहुंचाना सुनिश्चित करेंगी। यह डाक सेवाओं के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। श्री सिंधिया ने कहा कि ये सेवाएं समयबद्ध, विश्वसनीय और त्वरित डिलीवरी का नया मानक स्थापित करेंगी।

दो नए प्रोडक्ट्स एक को हम कहेंगे स्पीड पोस्ट 24, जो 24 घंटे में आपको स्पीड पोस्ट का डॉक्यूमेंट घर तक पहुंच जाएगा और दूसरा होगा स्पीड पोस्ट 48, जो 48 घंटे में आपके गंतव्य तक आपका डॉक्यूमेंट पहुंचेगा।

****

प्रगति तंत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सीधी समीक्षा और निगरानी के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और जन शिकायतों का समाधान सम्भव हुआ है। प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2015 में शुरु किए गए प्रगति तंत्र से ही रेल मंत्रालय की जबलपुर-गोंडिया गेज बदलाव परियोजना को मुकाम तक पहुंचाया जा सका।

इस परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरियों और विभिन्न विभागों के बीच तालमेल से जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। मार्च 2016 में इसे प्रगति तंत्र के अंतर्गत समीक्षा के लिए लाया गया। समीक्षा के दौरान मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भूमि के शीघ्र हस्तांतरण और रेलवे सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालयों के बीच बेहतर तालमेल पर जोर दिया गया और मार्च 2021 में जबलपुर गोंदिया ब्रॉड गेज रेल मार्ग शुरू हो गया यह परियोजना दर्शाती है कि पर्यावरण की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए भी बड़े रेल और संरचना कार्य सफलतापूर्वक पूरे किए जा सकते हैं।प्रगति तंत्र की अब तक 50 बैठकें हो चुकी हैं।

****

नूंह जिले के फिरोजपुर झिरका थाना क्षेत्र के अंतर्गत मह चोपड़ा गांव में 8 जनवरी को दो पक्षों के बीच विवाद व पथराव मामलें में पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर 66 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है और इनमें से कुल 9 आरोपियों की गिरफ्तारी कर ली गई है। यह विवाद क्रिकेट खेलते समय गेंद खेत में जाने को लेकर हुआ था जिसमें दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए थे । पुलिस ने लोगों से अफवाहों से बचने की अपील की है।

****

रेवाड़ी जिले के गांव जीतपुरा में कल रात पुलिस की अपराध शाखा की टीम और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो इनामी बदमाश विकास और हर्ष तोतला घायल हो गए।उनके पैर में गोली लगी। उनके दो अन्य साथियों को भी दबोच लिया गया है। घायल आरोपी अक्तूबर में हुए चमन हत्याकांड में वांछित थे! बदमाशों पर हत्या, लूट, डकैती और रंगदारी जैसे संगीन अपराधों के आधा दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं।बदमाशों की कार से भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद हुए हैं। घायल बदमाशों को रेवाड़ी के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

****

पलवल जिला पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने 240 प्रतिबंधित नशीले टीकों सहित एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध होडल थाना में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज कराया गया है।

प्रकोष्ठ के प्रभारी विश्व गौरव ने आज बताया कि एक सूचना के आधार पर दबिश देकर आरोपी को होडल के गढ़ी मोड से उसके मोटरसाइकिल सहित काबू किया गया। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के मथुरा जिला निवासी आरिफ के तौर पर हुई है।

****